IIT इंदौर ने एग्रीहब का उद्घाटन किया

चर्चा में क्यों?

27 जनवरी, 2025 को, **IIT इंदौर ने एग्रीहब** लॉन्च किया गया, जो एक अत्याधुनिक **उत्कृष्टता केंद्र (CoE) है,** जो **भारत** में कृषि के सामने आने वाली महत्त्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिये **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML)** और **डीप लर्निंग (DL)** के उपयोग पर केंद्रित है।

मुख्य बिंदु

- **एग्रीहब का मिशन और विज़न:**
  - **एग्रीहब का लक्ष्य शोधकर्त्ताओं, किसानों, प्रजनकों** और **नीति निर्माताओं** के लिये एक सहयोगी मंच बनना है।
  - इस पहल का उद्देश्य **सतत् कृषि** के लिये **AI, ML और DL पर ध्यान केंद्रित करते हुए अंतर-विषयक अनुसंधान** और नवाचार को बढ़ावा देना है।
  - **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** तथा **मध्य प्रदेश सरकार** ने कृषि उत्पादकता और स्थिरता को बढ़ावा देने में एग्रीहब की क्षमता को पहचानते हुए इसके प्रति प्रबल समर्थन व्यक्त किया है।
- **महत्त्व:**
  - **स्टार्टअप इनक्यूबेशन:** एग्रीहब कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में स्टार्टअप के विकास का समर्थन करेगा।
  - **रोज़गार सृजन:** इससे सतत् खेती से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर उत्पन्न होंगे।
  - **पेटेंट और प्रकाशन:** अनुसंधान परिणामों में नवाचार, पेटेंट और वैज्ञानिक प्रकाशन शामिल होंगे जो कृषि प्रौद्योगिकियों के विकास में योगदान देंगे।
  - **उद्योग सहयोग:** एग्रीहब का लक्ष्य अपने अनुसंधान के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के निर्माण के लिये उद्योगों के साथ साझेदारी करना है।
  - **उद्यमिता कार्यशालाएँ:** छात्रों और उभरते पेशेवरों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के कार्यक्रमों पर मुख्य ध्यान दिया जाएगा।
  - **तकनीकी प्रगति:** एग्रीहब **कम कृषि उत्पादकता और जलवायु परिवर्तन** (सूखा, बाढ़) के प्रभाव जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिये **AI, उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग** और **बड़े डेटा का उपयोग करेगा।**
  - **भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS), ड्रोन प्रौद्योगिकी** और **सटीक खेती के** एकीकरण से संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने, फसलों की निगरानी करने और किसानों को डेटा-संचालित समाधान प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/iit-indore-inaugurates-agrihub